## सार-समाचार

### आईआईटी एडवांस में 56वीं रैंक लाने वाले वासु विजय का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के द्वारा आईआईटी एडवांस्ड 2025 में 56वीं रैंक लाने वाले वासु विजय का माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामबाबू विजय के अनुसार वासु विजय ने विश्व की कठिनतम परीक्षा में इतनी अच्छी रैंक लाकर विजयवर्गीय समाज का गौरव बढ़ाया है। पूरे देश मैं विजयवर्गीय समाज की की यह सर्वश्रेष्ठ रैंक है। पूर्व में भी वासु विजय ने इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड 2022 बोगोटा कोलंबिया अमेरिका में जाकर भारत का प्रतिनिधित्व किया था और स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इस अवसर पर महासभा के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र विजय वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौथमल विजय, द्वारका प्रसाद विजय महावीर नगर समाज के अध्यक्ष मयंक विजय दादाबाड़ी समाज के अध्यक्ष मुरलीधर विजय शहर समाज के अध्यक्ष महेश विजय सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और महिला मंडल पदाधिकारी ने वासु विजय और उनके पिता एडवोकेट राजकुमार विजय और माता सरोज विजय का अभिनंदन किया

### करंट की चपेट में आने से युवक जिंदा जला

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके के सांगोद थाना इलाके में खेत पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से युवक जिंदा जल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझाकर युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सांगोद थानाधिकारी लाखन सिंह ने बताया कि रेगसपुरिया में एक युवक को करंट लगने की सूचना मिली। सूचना पाते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करंट की चपेट में आने से आग लगने से झूलसे हुए युवक को सांगोद के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक सांगोद निवासी प्रदीप (26) जो सांगोद में खेत पर कार्य के दौरान पानी की मोटर को चालू करते समय अचानक बिजली के तार की चपेट में आने से करंट लग गया और आग लगने से युवक जिंदा जल गया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच की जा रही है।

### ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया

**मांगरोल** (निसं)। कस्बा मांगरोल मे शनिवार को मनाया गया। ईदगाह मस्जिद मे मुस्लिम समाज ने ईदुल अजहा की नमाज अदा की। शहर काजी मुबश्शर अली साहब ने ईदगाह मस्जिद मांगरोल मे ईद-उल-अज़हा की नमाज अदा करवाई, नमाज से पहले मोलाना मोहम्मद असलम साहब ने सीरत ए इब्राहिम अलैहिस्सलाम की जिंदगी पर रोशनी डाली और लोगों को उनकी जिंदगी से मिलने वाली नसीहतें बयान की, नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने मुल्क की तरक्की, मुल्क मे अमन चैन, भाइचारे की दुआ की। ईदगाह कमेटी के सदर सेठ मोहम्मद अशफ़ाक मास्टर हैदर अली अंसारी, डॉ इकबाल और जमील अहमद पूर्व चेयरमैन ने ईदुल अजहा की मुबारक बाद पेश की साथ ही प्रशासन को व्यवस्थाओ के लिए धन्यवाद दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिल मुबारकबाद पेश की नमाज बाद लोगों ने अपने अपने घर पहुंच कर कुर्बानी की

### रामगंजमण्डी में जल स्वावलम्बन पखवाड़ा वन्दे गंगा मनाया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। गंगा दशहरा अभियान के अन्तर्गत अधिकाधिक वर्षा जल संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतो के रखरखाव एवं स्वच्छता हेतु 7 जून शनिवार को जल स्वावलम्बन पखवाड़ा वन्दे गंगा मनाया गया। जिसको पंचतत्वों के अनुसार आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगरपालिका कार्यालय से सरकारी कुआ तक प्रभात फेरी ( कलश यात्रा) के आयोजन के साथ नगरपालिका रामगंजमण्डी के प्रमुख चौराहों के शहीद स्मारकों के धुलाई एवं साफ सफाई का कार्य किया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, अधिशाषी अधिकारी तरूण कुमार लहरी, समस्त नगरपालिका कर्मचारी व शहरी रोजगार गारन्टी योजना के श्रमिकों एवं स्वयं सहायता समूह की महिला कार्यकर्ता द्वारा कलश यात्रा एवं शहीद स्मारकों की सफाई का कार्य भी किया गया।

### विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। प्रथम श्रेणी पशुचिकित्सालय छबड़ा में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत एक विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ राधेश्याम सुमन की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र की छबड़ा, हनुवतखेडा, गुगोर, निपानिया, भुआखेड़ी गौशालाओं के संचालकों, प्रगतिशील पशुपालको, भामाशाहों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन पशुधन निरीक्षक विजेंद्र सिंह चौधरी ने किया। बैठक में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, गौशालाओं में पौधरोपण, साफ सफाई और शिविरों का आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई और जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण की गई।

### कृषि संकल्प अभियान शिविर सम्पन्न

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 7 जून शनिवार को ग्राम पंचायत जुल्मी में कृषक शिविर का आयोजन किया गया। कृषि पर्यवेक्षक हरिओम मीणा ने बताया कि शिविर में जुल्मी, तेलियाखेड़ी, जगपुरा धरनावद व आसपास गांव के करीब 500 से अधिक महिला व पुरुष कृषकों ने भाग लिया। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को खेती के उन्नत तरीकों व खेड़ी बाड़ी में लागत घटाने व उत्पादन बढ़ाने के बारे में समझाया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कोटा के डॉ. राकेश कुमार बैरवा ने खरीफ फसल उत्पादन, मृदा उर्वरता बढ़ाने, बीज उपचार, रोग व कीट नियंत्रण के बारे में बताया।

### निर्जला एकादशी पर कायन हाउस में बोरिंग की शुरूआत की

**बूंदी** (निसं)। निर्जला एकादशी के अवसर पर बेसहारा गोवंश के लिए नगर परिषद द्वारा मालन मासी बालाजी रोड पर कायन हाउस के लिए आवंटित जमीन पर ब्राह्मण नेता एवं समाजसेवी संजय शर्मा एवं सभापति सरोज अग्रवाल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर बोरिंग लगवाया।इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,पूर्व सभापति महावीर मोदी,भाजपा शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, भाजपा पार्षद रमेश हाड़ा ,मनीष सिसोदिया,मानस जैन,पप्पू सोनी,महावीर खंगार,अनिल शर्मा,दिलीप सिंह हाड़ा,राजेश शर्मा, गोपाल माहेश्वरी, सुनील गौतम,भेरू प्रकाश शर्मा,तरुण शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को केसर युक्त ठंडाई पिलाई

**बूंदी** (निसं)। जय भोले जल मंदिर समिति एवं महावीर मित्र मंडल की ओर से निर्जला एकादशी पर शहर के चौगान गेट दरवाजे पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राहगीरों के लिए शीतल केसर युक्त ठंडाई का आयोजन किया गया। महावीर मित्र मंडल से जुड़े हुए महावीर भड़कतिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मित्र मंडली व जनसहयोग से राहगीरों के लिए शीतल केसर युक्त ठंडाई का आयोजन किया गया। जय भोले जल मंदिर समिति से जुड़े सुनील गौतम बॉबी,नीरज भार्गव, अमित गौतम शिवा,पार्षद पप्पू सोनी, संजय शर्मा,राजेश शर्मा,भेरू प्रकाश शर्मा,सुरेन्द्र जैन, अमित बाहेती, संजय शर्मा एडवोकेट,महावीर हल्दिया, महावीर पांचाल,रामराज अजमेरा एवं समस्त मित्र मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

### धार्मिक अनुष्ठानों में उमड़ रहे भक्त

**छबड़ा** (निसं)। कडैयाछत्री गांव में बुधवार से शुरू हुए राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव कुण्डीय महायज्ञ के साथ शिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत 4 जून को ममलेश्वर महादेव मामलटोपा महादेव का आचार्य बृजमोहन शर्मा द्वारा वेदोक्त विधि से पूजन अर्चन कर साथ ही शोभायात्रा में शामिल भगवान के विमान ओर कलश ओर बड़बेवडो का पूजन, अर्चन कर नव निर्मित राम जानकी मंदिर, यज्ञ शाला के लिए शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ रवाना निकाली गई थी। धार्मिक कार्यक्रम के तहत शनिवार को हवन के साथ मूर्तियों के वेदोक्त संस्कार में शरकराधिवास, धृताधिवास आचार्य शर्मा और उनकी सहयोगी ब्राह्मणों की टीम द्वारा किया गया। कुंज बिहारी शर्मा के अनुसार 8 जून को सर्वदेवपूजन, हवन, अन्नाधिवास, सहस्त्रधारा, अभिषेक होगा।

# ‘छोटे दुकानदार का हित ही देश का हित है’

- ‘चरखे से लेकर चंद्रयान तक हम स्वयं बना रहे हैं’
- स्वदेशी जागरण मंच का विचार वर्ग व कार्यशाला का शुभारंभ




कोटा में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान चित्तौड़ प्रांत, प्रांत विचार वर्ग एवं कार्यशाला का आयोजन 7 एवं 8 जून 2025 को रोटरी बिनानी सभागार गुमानपुरा शॉपिंग सेंटर में किया जा रहा है, शनिवार को प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मन शर्मा ने बताया इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल रहे एवं अध्यक्षता उद्योगपति प्रेम भाटिया द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष मुकेश व्यास, सचिव घनश्याम मुंदड़ा, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, अखिल भारतीय कार्य प्रमुख अर्चना मीणा, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. सतीश कुमार आचार्य, क्षेत्रीय समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान अनिल कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कश्मीरी लाल ने कहा कि छोटे दुकानदार का हित ही देश का हित है, उन्होंने श्याम बिहारी जी के उदाहरण के माध्यम से स्वदेशी को आगे बढ़ाते हुए छोटे व्यापारियों को आगे बढ़ने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच अभियान से अब किसान संगठन, मजदूर संघ सहित अन्य संगठन सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का साथ चीन और अमेरिका ने दिया और वह भी इसमें परस्त हुए हैं, उन्होंने कई उदाहरण के माध्यम से स्वदेशी को अपनाए जाने पर जोर दिया और कहा कि भारत में एक रिक्शा चालक, समोसे बनाने वाला, ठेला चलाने वाला, सब्जी बेचने वाला भी क्यूआर कोड से पेमेंट कर रहा है, यह भारत की बड़ी उपलब्धि है। यह व्यवस्था पूरी दुनिया में देखने को नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भारत मिसाइल टेक्नोलॉजी में भी अब सबसे आगे हो रहा है, स्वदेशी टेक्नोलॉजी कारगर साबित हो रही है, बढ़िया फूड के साथ ही सबसे खतरनाक ड्रोन बनाए जाने तक काम हो रहा है, आलू के चिप्स बनाए जाने से लेकर माइक्रोचिप भी बनाई जा रही है। उन्होंने अमेजॉन और विदेशी कंपनियों का विरोध करते हुए छोटे दुकानदारों से सामान लेने की बात कही। उन्होंने तुर्की अजरबेजान को भी आड़े हाथों लिया और यहां से व्यापारिक संबंधों को लेकर कहा कि यदि हम हमारा माल खरीदेंगे तो यह कंपनियां आगे नहीं बढ़ेगी और भारतवर्ष के लोगों को स्वरोजगार मिलेगा। तुर्की के माल का विरोध करके हमने यह साबित कर दिया है कि हम किसी से पीछे नहीं है।

एक दिन आएगा कि अमेरिका भी भारत के सामने नाक रगड़ेगा, ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने कहा कि पाक में आतंकवाद आता है, अमेरिका और चीन अपने हथियार वहां टेस्ट करने के लिए भेजते हैं, अमेरिका और चीन की मिसाइल पाकिस्तान के द्वारा छोड़ी गई वह फ्लोप हो गई है। कश्मीरी लाल ने कहा कि चरखे से लेकर चंद्रयान तक हम स्वयं बना रहे हैं।

### आज दो घंटे बिजली बन्द रहेगी

**छबड़ा** (निसं)। 33/11 केवी छबडा जीएसएस से संचालित शहरी पेट्रोलपम्प फ़ीडर पर लाइन कार्य होने के कारण 2 घण्टे पेट्रोलपम्प फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि 33/11 छबडा जीएसएस से संचालित शहरी पेट्रोलपम्प फ़ीडर पर मरम्मत कार्य के चलते रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पेट्रोलपम्प फ़ीडर से जुडे उपभोगताओ की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### उप स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण किए

**रावतभाटा,** (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण एवं मानव सेवा समिति रावतभाटा की और से शनिवार को उप स्वास्थ्य केंद्र झालरबावड़ी शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में पौधारोपण किए गए।


चिकित्सा स्टाफ और पर्यावरण एवं मानव सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कडवासरा, महामंत्री दशरथ कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष समाज सेवी घनश्याम धाकड, रमेश सोनी, उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ललिता धाकड, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश जगम, बसंत, आयुष धाकड, अधोक्षज शर्मा मौजूद रहे। सभी लोगों ने इस पावन अवसर पर पेड़ लगाने की खुशी जाहिर की साथ ही पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी ली आगे भी इसी प्रकार से पर्यावरण एवं मानव सेवा समिति की ओर से कार्यक्रम वह निरंतर सेवाएं होती रहेगी।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धि पत्र
कोटा मंडल-निविदा सूचना
सिगनल एवं दूर संचार विभाग
दिनांक: 05.05.2025
निविदा सूचना सं. KOTA/SNT/SIG/2025/04 की शुद्धि पत्र जो निविदा संख्या KOTA/ SNT/ SIG/2025/04 को दिनांक- 05.05.2025 के अंतर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि में परिवर्तन किया गया है जो कि इस प्रकार है। **टेन्डर सं.**-कोटा/एसएण्डटी/सिग.2025/04, **कार्य का नाम**-एनुअल मेन्टेनेंस कान्ट्रेक्ट (एएमसी) ऑफ इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग सिस्टम ऑफ 'क्योसान' मेक इन्सटॉल्ड ऑन कोटा डिविजन फोर 3 इयर्स। (JAPN, JAKA, ALKA, GHATOLI, NGPK, JHW)(2025) **पुरानी तारीख एवं समय**-दिनॉक 02.06.2025 को 15:00 बजे तक, **परिवर्तित तारीख एवं समय**-दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे तक।
(हस्ता.)
वरि. मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## सिन्धी फिल्म वरदान तीन-मिठड़ी अम्माँ का एक फिल्म शो 15 को

**कोटा,** (निसं)। विगत 36 वर्षो से सिन्धी संस्कृति, साहित्य, संस्कार व सामाजिक सेवा के लिए कोटा में कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल सिन्धी फिल्म वरदान तीन-मिठड़ी अम्माँ का एक फिल्म शो 15 जून रविवार को सुबह नौ बजे कोटा के आकाश माल स्थित गोल्ड सिनेमा में आयोजित करेगा। एक समारोह में इन फिल्म के टिकट का विमोचन सर्किल के संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी, अध्यक्ष विमल परियानी, सचिव किशन रतनानी, फिल्म के पीडी एडवोकेट, राज ठाकुर, सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवानी, कोषाध्यक्ष मनोहर दयानी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष करमचंदानी ने किया। नरेश उधानी के निर्देशन में तैयार इस फिल्म की मुख्य कलाकार अनीता शिवनानी फिल्म शो के दौरान दर्शकों से रूबरू होंगी।

# ईद उल अजहा पर्व हर्षोल्लास से मनाया



झालावाड़ में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-अजहा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-अजहा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ईद की नमाज ईदगाह में मौलाना मन्नान कादरी ने अदा करवाई नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में अमन चैन की दुआएं मांग कर एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। ओर उसके बाद लोगों ने अपने अपने घरों पर कुर्बानी की रस्म को अदा किया।

नमाज से पहले ईदगाह में मौलाना रिज़वान नईमी ने ईद उल अजहा के बारे तकरीर करते हुए ईद पर की जाने वाली कुर्बानी के महत्व के बारे तकरीर करते हुए बताया कि ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्योहार हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) और उनके बेटे हज़रत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) की कुर्बानी का सबब देती है आज के दौर में यह किस्सा हमें सिखाता है कि सच्ची कुर्बानी का मतलब केवल जानवर की कुर्बानी देना नहीं है, बल्कि अपने अहंकार, लालच, और स्वार्थ को त्यागना भी है। यह हमें दूसरों की मदद करने, समाज में एकता बनाए रखने, और अल्लाह के प्रति विश्वास को मज़बूत करने की प्रेरणा देती है। नमाज़ के बाद ईदगाह कमेटी द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

# जनसहभागिता के साथ स्वच्छता, श्रमदान, संवाद एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित

- गौशालाओं में पशुपालन विभाग ने श्रमदान किया

**झालावाड़,** (निसं)। जल शक्ति को जन शक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तीसरे दिन, 07 जून (शनिवार) को झालावाड़ जिले में व्यापक जनसहभागिता के साथ स्वच्छता, श्रमदान, संवाद एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड के नेतृत्व में जिले में चल रहे अभियान के तहत शनिवार को गौशालाओं से लेकर दुग्ध संघों तक और धार्मिक स्थलों से लेकर सहकारी समितियों तक, विभिन्न विभागों और संगठनों ने एक साथ मिलकर जिले को स्वच्छ, जागरूक और जलसंरक्षित बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए।

**गौशालाओं में पशुपालन विभाग ने किया श्रमदानः-** जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभुदयाल मीणा ने बताया कि शनिवार को पशुपालन एवं गौपालन विभाग द्वारा संचालित पंजीकृत एवं अपंजीकृत गौशालाओं, पशु चिकित्सालयों और दुग्ध समितियों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पशु खोहों की सफाई, जल स्त्रोतों की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ ही पशुपालकों को जागरूक करते हुए जल एवं स्वच्छता के प्रति सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया।

**कृषि मंडियों में गंदगी से मुक्ति की पहलः-** जिले की कृषि उपज मंडियों, उपमंडियों और गोण उपज मंडियों में सफाई करवाई गई। व्यापारियों व समिति प्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। नालियों की सिल्ट हटाकर जल भराव रोका गया। विभागीय प्रतिनिधियों ने गतिविधियों का फोटो-डॉक्यूमेंटेशन भी किया।

देवस्थान विभाग ने जिले के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। पुरातत्व विभाग से संबंधित ऐतिहासिक मंदिरों की भी विशेष सफाई की गई। श्रदालुओं व पुजारियों की भागीदारी से यह अभियान और अधिक प्रभावशाली रहा।

सहकारिता विभाग द्वारा सभी सहकारी समितियों के कार्यालयों व परिसरों में साफ-सफाई करवाई गई। सदस्य किसानों, कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर जल बचत व स्वच्छता से जुडी शपथ ली। स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से समितियों में जनभागीदारी को और अधिक सशक्त किया गया।

**आरसीडीएफ व दुग्ध संघों ने डेयरियों में करवाई सफाईः-** आरसीडीएफ एवं झालरापाटन दुग्ध संघ के सहयोग से दूध संग्रहण केंद्रों, डेयरी परिसरों और कलेक्शन पॉइंट्स में सफाई, जल व्यवस्था और कचरा प्रबंधन पर जोर दिया गया। ग्राम पंचायतों में भी डेयरी स्टाफ व समाजसेवियों ने श्रमदान कर डेयरी से जुडी जल एवं स्वच्छता समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया।

स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जिले एवं ब्लॉक स्तर पर धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, भामाशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ा गया। जल संरक्षण जैसे विषयों पर विचार गोष्ठियां एवं संगोष्ठियां आयोजित की गई।

प्रमुख मंदिर परिसरों में सफाई अभियान चला, जहां श्रमिकों और नागरिकों ने मिलकर झाड़ू लगाई, परिंडे बांधे और जल पात्र रखे। इससे धार्मिक स्थलों से भी जनजागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

## महापंचायत के लिए निमंत्रण दिया

**छबड़ा** (निसं)। रविवार को पीलूपुरा के कारवाडी में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नेतृत्व में एमबीसी के अधिकारों के लिए होने वाली महापंचायत के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवो में पीले अक्षत निमंत्रण द्वारा आरक्षण संघर्ष समिति अध्यक्ष विजय बैंसला के कंधे मजबूत करने हेतु पीलूपुरा में ग्रामीण बुजुर्गों एवं युवा साथियों को आव्हान किया गया। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति प्रभारी, देवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.गिर्राज गुर्जर ने आरक्षण संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य व विकास समिति के जिला पदाधिकारी मानसिंह गुर्जर एवं आरक्षण संघर्ष समिति प्रदेश सचिव दीपक पाल तथा कार्यकारिणी के साथ मिलकर छबड़ा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जनसंपर्क करके महापंचायत के लिए पीले अक्षत देकर एमबीसी साथियों को अधिक से अधिक संख्या के साथ आने हेतु निमंत्रण दिया। गुर्जर ने जनसंपर्क के पश्चात मोरेला गांव में आरक्षण से संबंधित बिंदुओं जैसे बैकलोग की भर्तियों,आंदोलन के समय लगे पूर्व केसेज, रोस्टर प्रणाली, आरक्षण को नवी अनुसूची में डलवाने एवं देवनारायण बोर्ड की योजनाओं जैसे छात्रवृति, स्कूटी वितरण, आवासीय विद्यालय इत्यादि सभी कार्यों की अनियमितताओं एवं नवीन सरकार द्वारा विगत 17 महीनों में भी उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होने इत्यादि बिंदुओं पर संबोधित किया।

पश्चिम मध्य रेल
**खुली निविदा सूचना**-दिनांक 05.06.2025
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.01-निविदा संख्या**-ईएल/50/257 आर / 2025-26, **कार्य का नाम**- कोटा संभाग के विभिन्न अनुभागों में सेवा भवनों में रिवायरिंग, जिसमें विद्युत परिसंपतियों का प्रतिस्थापन और प्रावधान शामिल है। **अनुमनित लागत (रु. में)**-1,01,56,003.07, **बयाना राशि (रु. में)**-2,00,800/-, **कार्य समाप्ति अवधि**- 06 माह, **क्र.सं.02-निविदा संख्या**-ईएल/ 50/ 258 आर / 2025-26, **कार्य का नाम**- केबल, पंप, एयर कंडीशनर और एयर-कूलिंग वर्क्स आदि सहित बिजली परिसंपतियों के प्रावधान और प्रतिस्थापन। **अनुमनित लागत (रु. में)**-92,90,904.60, **बयाना राशि (रु. में)**-1,85,800/-, **कार्य समाप्ति अवधि**- 06 माह, **क्र.सं.03-निविदा संख्या**-ईएल/50/259 आर / 2025-26, **कार्य का नाम**-कोटा में पावर कार संख्या 183140 डब्ल्यूसी (कमिंस) के डीजी सेट-बी के रखरखाव की ई-जांच। **अनुमनित लागत (रु. में)**-32,14,223.64, **बयाना राशि (रु. में)**-64,300/-, **कार्य समाप्ति अवधि**- 30 दिन। **सभी निविदाओं (क्र.सं. 1-3) के निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**-27.06.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दांता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नही है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ़ लें।
(हस्ता.)
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# कोचिंग स्टूडेंटों को कोटा में घर जैसी ईद की खुशियां मिली



कोटा में कोचिंग स्टूडेन्ट्स ने ईद का त्यौहार मनाया।

**कोटा,** (निसं)। कोटा में ईद-उल-अजहा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ऐसे भी कई लोग हैं जो अपने शहर और गांव से दूर रहकर कोटा में निवास कर रहे हैं, चाहे वह कोचिंग स्टूडेंट हो या बाहर से यहां काम करने वाले हों, ऐसे लोगों को नौजवान कुरैशी घंटाघर कमेटी की ओर से स्नेह भोज ईद मिलन का आयोजन किया गया जिसमें कोटा सहित बाहर से आकर कोटा में रह रहे लोगों का इस्तकबाल किया गया, उन्हें घर जैसा माहौल देने का प्रयास किया गया।

उप-महापौर कोटा उत्तर सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा में कश्मीर से लेकर यूपी, हैदराबाद, एमपी, महाराष्ट्री गुजरात सहित कई जगह से मुस्लिम समुदाय के कोचिंग स्टूडेंट कोचिंग के लिए कोटा आते हैं जो ईद पर अपने घर नहीं पहुंच पाते, ऐसे लोगों तक नौजवान कुरैशी कमेटी पहुंची और उन्हें पहले तो ईद की मुबारकबाद दी, उसके बाद सभी ने एक साथ ईद की खुशियां बांटी।

कोचिंग स्टूडेंटों का कहना है कि हम कोटा में रह रहे हैं लेकिन हमें घर जैसा माहौल मिल रहा है, यहां के लोग अमन-चैन पसंद हैं, एक दूसरे की मदद को आगे रहते हैं। कोटा में बेहद ही सकारात्मक माहौल है, ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार शहर में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें कोचिंग स्टूडेंट व अन्य बाहर के लोगों ने भी शिरकत की।

सोनू कुरैशी ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहता है कि ईद की खुशियां हर घर तक पहुंचे, अमन-चैन कायम रहे, सभी आपस में गंगा जमुना तहजीब के साथ पर्व मनाएं, कोचिंग स्टूडेंटों को कुर्बानी का महत्व बताया गया, विद्यार्थियों के शरीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, उनके उज्जवल भविष्य की बेहतरी के लिए भी विशेष दुआएं की गई।

स्टूडेंटों को विश्वास दिलाया कि कोटा में पूरा समाज उनके साथ है। वह पढ़ाई पर ध्यान लगाए और डिपरेशन से बचे, गलत काम नहीं करें। उनके मानसिक तनाव को दूर करने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी खलील कुरैशी, हाजी वहीद कुरैशी, डॉ.जफर मोहम्मद, हाजी शानू, शाकिर कुरैशी, अकबर, नूरिया, शखावद आदि मौजूद रहे।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/127 दिनांक:-06.06.2025
नाम हस्तांतरण चाहने बाबत् आम सूचना
कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना बसंत विहार केशवपुरा-9 भूखण्ड संख्या 562 का नामहस्तांतरण क्रमांक 1543-44 दिनांक 29.06.2013 को श्री गिरिश परमार पुत्र श्री धर्म सिंह परमार के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री गिरिश परमार की मृत्यु दिनांक 24.04.2025 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री गिरिश परमार पुत्र श्री धर्म सिंह परमार के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत वसीयत, वसीयतकर्ता के मृत्यु प्रमाण-पत्र, वसीयत गवाहों के शपथ पत्र, एवं अन्य शपथ पत्रों, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री प्रदीप कुमार परमार पुत्र स्व. श्री धर्म सिंह परमार द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 562 बसंत विहार केशवपुरा-9 अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 562 योजना बसंत विहार केशवपुरा-9 का नामहस्तांतरण श्री प्रदीप कुमार परमार पुत्र स्व. श्री धर्म सिंह परमार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी
क्रमांक/ई-निविदा/2025/1039 दिनांक-05.06.2025
ई-निविदा सूचना
पं. बृज सुन्दर शर्मा, सामान्य चिकित्सालय बून्दी में वाहन स्टेण्ड ठेका दिये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से दिनांक 06.06.2025 से दिनांक 23.06.2025 सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रॉक्यूमेंन्ट के माध्यम से दरे आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा का UBN No. MHS2526SLOB01631 है। विस्तृत जानकारी Sppp.raj.nic.in तथा कार्यालय में कार्यालय समय पर देखी जा सकती है।
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं
सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी